भारत निर्वाचन आयोग सचिवालय

निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-**110001**

सं. **255**/यूनिफार्म/**2016**/प्रोटोकॉल दिनांकः **15.12.2016**

<u>निविदा सूचना</u>

सिलाई सहित सर्दी के **19** सूटों और शर्टों (रेमण्ड **120** काउन्ट्स) के सेटों की सिलाई एवं आपूर्ति के लिए प्रतिष्ठित टेलर्स एण्ड ड्रेपर्स जो ईसीआई मुख्यालय, अशोक रोड, नई दिल्ली से **10** किलोमीटर की त्रिज्या पर स्थित हों, से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

2. निविदा दो बोली प्रणाली, अर्थात तकनीकी बोली तथा वित्तीय बोली के अंतर्गत आमंत्रित की गई है। इच्छुक एजेंसियों को सलाह दी जाती है कि वे दो पृथक सीलबंद लिफाफे प्रस्तुत करें जिनके ऊपर " भारत निर्वाचन आयोग को सर्दी के सूटों एवं शर्टों की आपूर्ति के लिए तकनीकी बोली " तथा "भारत निर्वाचन आयोग को सर्दी के सूटों एवं शर्टों की आपूर्ति के लिए वित्तीय बोली" लिखा जाना चाहिए। दोनों सीलबंद लिफाफों को एक तीसरे लिफाफे में रखा जाना चाहिए जिसके ऊपर "भारत निर्वाचन आयोग को सर्दी के सूटों एवं शर्टों " की आपूर्ति के लिए निविदा बोली" लिखा जाना चाहिए।

3. आयोग में निविदा दिनांक **23.12.2016** को अपराह्न **11.00** बजे तक सचिव(प्रोटोकॉल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-**110001** , को पहुंच जानी चाहिए। निविदा उसी दिन अर्थात **23.12.2016** को **11.30** बजे कमरा सं. **705**, **7**वां तल, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली में खोली जाएगी। विक्रेता या उनके प्रतिनिधि, यदि उनकी इच्छा हो तो उपस्थित हो सकते हैं। मुहरबंद निविदा को निर्वाचन सदन भवन के भूतल पर स्थित आर एण्ड आई अनुभाग में भी जमा करवा सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग डाक द्वारा गुम होने/विलम्ब के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। भारत निर्वाचन आयोग को, कोई भी कारण बताए बिना किसी या सभी निविदाओं को, अंशतः या पूर्णतः स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार होगा। सफल बोलीदाता सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा। राशि का भुगतान सभी सूटों के संतोषजनक रूप से डिलीवरी किए जाने के बाद ही किया जाएगा।

4. केवल उन निविदाओं की वित्तीय बोली खोली जाएगी जिनकी तकनीकी बोलियां सही पाई जाएंगी। वित्तीय बोलियों के लिए तारीख की सूचना पृथक रूप से दी जाएगी। आयोग द्वारा इस प्रयोजनार्थ नियुक्त समिति उन

निविदाकारों, जो वित्तीय बोलियों के खोले जाने के समय उपस्थित रहना चाहते हैं, की उपस्थिति में इन्हें खोलेंगी।

(राहुल शर्मा)
सचिव(प्रोटोकॉल)
दूरभाष.011-23052070
ईमेलः rahulsharma.eci@gmail.com

<u>विक्रेताओं के लिए नियम और शर्तें</u>

() विक्रेताओं के पास टेलरिंग शॉप/टेलरिंग फर्म/ऑफिस होना चाहिए जो ईसीआई मुख्यालय से 10 किलोमीटर की त्रिज्या पर स्थित हो।

() विक्रेता के पास भारत सरकार के विभागों/मंत्रालयों, पीएसयू/कॉरपोरेट/अन्य प्रतिष्ठित संगठनों/संस्थानों को थोक में सरकारी वर्दियों की टेलरिंग/सिलाई का कम से कम दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए(अंतिम दो वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष प्राप्त कार्य आदेशों की प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए)।

() पैन कार्ड/वैट/बिक्री कर/सेवा कर पंजीकरण तथा प्रमाण पत्र की प्रति;

() पिछले दो वित्तीय वर्ष के लिए दाखिल की गई आयकर विवरणियों की प्रतियां

() रू. 10 लाख या इससे अधिक के वार्षिक टर्नओवर होने का प्रमाण (पी एण्ड एल अकाउन्ट, अपेक्षित टर्नओवर राश को दर्शाते हुए कोई अन्य वैध विधिक दस्तावेज)

() विक्रेता को भारत सरकार के मंत्रालयों/ पी एस यू द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया हो (घोषणा पत्र विहित फार्मेट में प्रस्तुत किया जाए)

वित्तीय बोली

प्रकार	नमूना(संलग्न किया जाय)	दर प्रति मीटर	सिलाई की दरें
सर्दी के सूट(कोट तथा पैन्ट) रेमण्ड 120 काउन्ट्स लैब टेस्टेड			
शर्ट रेमण्ड 60 काउन्ट्स लैब टेस्टेड			

<u>तकनीकी बोली</u>

1. बोलीदाता/टेलरिंग फर्म का नामः
2. बोलीदाता/टेलरिंग फर्म का पताः
3. बोलीदाता/टेलरिंग फर्म का सम्पर्क विवरणः
   - **()** एसटीडी सहित दूरभाष सं. **(**कार्या.**)...........................(**फैक्स**)...................**
     (नि.**)....................**
   - **()** मोबाइल नंबर**..................................**
   - **()** ई.मेल**...**
   - **()** वेबसाइट**...............................**
4. फर्म/एजेंसी के मालिक/साझेदारों/निदेशकों के नामः
5. बोलीदाता/टेलरिंग फर्म का बैंक तथा इसका पता एवं वर्तमान खाता संख्याः
6. बोलीदाता/टेलरिंग फर्म के परमानेन्ट अकाउन्ट नंबर**(**पैन**)**/वैट/बिक्री कर/सेवा कर पंजीकरण सं./इनकम टैक्स सर्किल/टिन की प्रतियां
7. दो वर्ष का वार्षिक टर्नओवर
   (विगत दो वर्ष का खाता विवरणियां, यदि कोई हो, जैसे-पी एंड एल खाता, बैलेन्स शीट्स आदि संलग्न किया जाना चाहिए**)**
8. मंत्रालयों/पीएसयू/सरकारी विभागों/कारपोरेट संस्थानों आदि में थोक में सरकारी वर्दियों/सूटों की सिलाई टेलरिंग कार्य के अनुभव का वचनबंध प्रमाण**(**आदेश-मंत्रालयों/सरकारी विभागों/पीएसयू/कारपोरेट/प्रतिष्ठित संगठनों/संस्थानों से प्राप्त विगत दो वर्ष की प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए**)**
9. अनुबंध-**I** में दिए अनुसार सरकारी विभागों/पीएसयू आदि द्वारा ब्लैकलिस्ट किए जाने या अन्यथा के संबंध में घोषणा पत्र
10. किसी संगठन से प्राप्त पुरस्कार/योग्यता प्रमाण पत्र, यदि कोई हो, का विवरण**(**कृपया प्रमाण पत्रों की प्रति, यदि कोई हो, की प्रति संलग्न करें**)**।
11. कोई अन्य सूचना/दस्तावेजः कृपया उल्लेख करें
    मैं/हम प्रमाणित करता/करते हैं कि उपर्युक्त सूचना सत्य एवं सही है। हमें नियम एवं शर्तें स्वीकार्य हैं।

    दिनांक**.....................**बोलीदाता/टेलरिंग फर्म**........................** का नाम तथा पता

बोलीदाता/टेलरिंग फर्म का प्राधिकृत
हस्ताक्षर तथा मुहर

घोषणा पत्र

मैं/हम यह वचन देता/देते हैं कि फर्म का कोई भी मालिक/साझीदार/निदेशक ऐसी किसी फर्म मालिक या साझीदार या निदेशक नहीं था या है, जिसे सरकार ने ब्लैकलिस्ट/प्रतिबंधित/व्यवसाय करने से निलंबित किया हो।

(बोलीदाता का हस्ताक्षर)

बोलीदाता/टेलरिंग फर्म का पदनाम तथा मुहर